सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 19 जुलाई, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में अपर पुलिस महानिदेशक श्री अमित सिन्हा ने शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल ने उन्हें ऑल इंडिया मास्टर्स क्लासिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी।

राज्यपाल ने कहा की अपर पुलिस महानिदेशक जैसे चुनौतीपूर्ण दायित्व का निर्वहन करते हुए पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतना प्रशंसनीय है। उन्होंने इस उपलब्धि को युवाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बताया।

श्री सिन्हा ने हाल ही में विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में आयोजित ऑल इंडिया मास्टर्स क्लासिक पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप (120 किलोग्राम भार वर्ग) में स्वर्ण पदक जीता है। उनका चयन मंगोलिया में आयोजित होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए भी हो गया है।

............0............